वर्ष- 02 अंक- 66
छपरा
14 जनवरी, मंगलवार
2025
पृष्ठ - 04


# दैनिक खोजखबर
खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

## पौष पूर्णिमा पर महाकुंभ 2025 का भव्य शुभारंभ

● मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दी शुभकामनाएं ● 1.65 करोड़ श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई





**लखनऊ।** विश्व के सबसे विशाल, आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक समागम महाकुंभ 2025 का सोमवार तीर्थराज प्रयागराज में शुभारंभ हो गया। इस पवित्र अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समस्त श्रद्धालुओं, संतों, महात्माओं, कल्पवासियों और आगंतुकों का स्वागत करते हुए महाकुंभ के प्रथम स्नान की शुभकामनाएं दीं। अपने संदेश में सीएम योगी ने कहा, आइए, महाकुंभ 2025 में सहभागी बनकर सनातन संस्कृति की इस गौरवशाली परंपरा का हिस्सा बनें। मां गंगा की कृपा से आपका जीवन सुख, शांति और समृद्धि से परिपूर्ण हो।÷

मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकुंभ भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक गरिमा का प्रतीक है। यह आयोजन 'अनेकता में एकता' की भावना को सजीव करता है। मां गंगा की पवित्र धारा में स्नान और साधना करने आए सभी श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं पूर्ण हों।

उन्होंने आगे कहा कि यह पर्व न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि सनातन संस्कृति और परंपराओं के वैश्विक गौरव का प्रतीक भी है। मुख्यमंत्री ने बताया कि महाकुंभ को दिव्य और भव्य बनाने के लिए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। स्वच्छता, सुरक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं, यातायात और आवासीय प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया गया है।

पौष पूर्णिमा पर आज पहला स्नान है। इस अवसर पर आज लाखों श्रद्धालु गंगा, यमुना और सरस्वती के पवित्र संगम में स्नान कर रहे हैं। आज से ही श्रद्धालु पैंतालीस दिन का कल्पवास शुरू करेंगे। संगम तट पर आध्यात्मिक उल्लास और धार्मिक आस्था का अद्वितीय नजारा देखने को मिल रहा है। देश-विदेश से आए श्रद्धालुओं के लिए महाकुंभ जीवन का अद्वितीय अनुभव बन रहा है।

संगम पर प्रवेश के सभी रास्तों में भक्तों की भीड़ जुटी है। महाकुंभ में वाहनों के प्रवेश पर भी पाबंदी है। सुरक्षा में हजारों की संख्या में जवान तैनात हैं।

## आज मकर संक्रांति



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** मकर संक्रांति पर सूर्य उत्तरायण हो जाते हैं और धरती पर प्रकाश का प्रभाव बढ़ जाता है। यह तमसो मा ज्योतिर्गमय की यात्रा है। जब उन्नति उत्तम विचारों सात्विकता कर्तव्यपालन त्याग सत्य दया क्षमा आदि की ओर हम प्रवृत्त होते हैं तब मानना चाहिए कि हम उत्तरायण की यात्रा पर चल पड़े हैं। प्रो. गिरिजाशंकर शास्त्री, ज्योतिष विभाग अध्यक्ष, काशी हिंदू विश्वविद्यालय के अनुसार ज्योतिष चक्र में कुल बारह राशियां हैं। प्रत्येक राशि में एक महीने तक सूर्य का भ्रमण होता है। जिसे सौर राशि भी कहा जाता है। इस तरह सूर्य कुल 12 महीनों में संपूर्ण राशि चक्र की परिक्रमा पूर्ण करता है। सूर्य के एक राशि से दूसरी राशि में प्रवेश को संक्रांति कहा जाता है। जब सूर्य धनु राशि का भ्रमण पूर्ण कर मकर राशि में प्रवेश को उद्यत होता है, उसी काल को मकर संक्रांति कहा जाता है।यह प्रकृति का परिवर्तन है, अतएव इसे प्राकृतिक पर्व कहना अधिक तर्कसंगत लगता है, किंतु सनातन धर्मावलंबी इसे धार्मिक या आध्यात्मिक पर्व मानते हैं।

## बदलापुर स्कूल यौन उत्पीड़न केस में हाईकोर्ट सख्त, कहा- बच्चियां बहुत छोटी, जल्द पूरी हो सुनवाई

**मुंबई ,एजेंसी।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने सोमवार को बदलापुर स्कूल यौन उत्पीड़न मामले में एक बार फिर सख्ती दिखाई। अदालत ने कहा कि पीड़ित बच्चियां बहुत छोटी हैं इसलिए मामले की सुनवाई जल्द से जल्द पूरी होनी चाहिए। गौरतलब है, पिछले साल अगस्त में ठाणे के बदलापुर इलाके में स्थित एक स्कूल के शौचालय में चार और पांच साल की दो लड़कियों का एक पुरुष अटेंडेंट ने यौन उत्पीड़न किया था। मामला सामने आते ही उसे गिरफ्तार कर लिया गया था। हालांकि, अदालत ले जाते समय पुलिस के साथ मुठभेड़ हुई और वह मारा गया। वहीं, मामले की जांच के लिए महाराष्ट्र सरकार द्वारा गठित विशेष जांच (एसआईटी) आरोप पत्र दायर कर चुकी है।

**इन लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दायर** -यौन अपराधों से बच्चों की सुरक्षा (पॉक्सो) अधिनियम के प्रावधानों के तहत यौन उत्पीड़न की रिपोर्ट करने में नाकाम रहने के लिए स्कूल के प्रधानाध्यापक और उसके प्रबंधन के दो सदस्यों के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया गया है।

## तिरुपति मंदिर में फिर हादसा, प्रसाद वितरण केंद्र में आग लगने से मची भगदड़



**तिरुमाला (एजेंसी)।** आंध्र प्रदेश के तिरुपति मंदिर में एक हफ्ते में दूसरी बार भगदड़ की स्थिति पैदा हुई है। दरअसल, आज लड्डू प्रसाद वितरण केंद्र में अचानक आग लग जाने से फिर भगदड़ जैसी स्थिति बन गई, लेकिन भीड़ कम होने के कारण आज कोई भी बड़ी घटना होने से टल गई है। फिलहाल आग पर काबू पाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

आंध्र प्रदेश के तिरुपति मंदिर में एक बार फिर से बड़ा हादसा हो गया है। जानकारी के मुताबिक, भक्तों को लड्डू प्रसाद वितरित करने वाले क्षेत्र में आग लगने की घटना हुई, जिससे मौके पर मौजूद भीड़ में अफरा-तफरी मच गई। मामले की जानकारी देते हुए तिरुपति देवस्थानम बोर्ड के जेईओ वेंकैया चौधरी ने बताया कि, आग काउंटर नंबर 47 पर कंप्यूटर से जुड़े यूपीएस सिस्टम में शॉर्ट सर्किट के कारण लगी है। वहीं आग लगने की सूचना पर अग्निशमन कर्मचारी तुरंत मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाने की कोशिश कर रहे हैं।

## कश्मीर के विकास से ही विकसित भारत का सपना होगा साकारः पीएम मोदी



(एजेंसी)

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को जम्मू-कश्मीर में सोनमर्ग जेड-मोड़ सुरंग का उद्घाटन करने के बाद जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि 21वीं सदी का जम्मू-कश्मीर आज विकास की नई गाथा लिख रहा है। उन्होंने कहा कि पहले के मुश्किल दिनों को पीछे छोड़कर हमारा कश्मीर अब फिर से धरती का स्वर्ग होने का पहचान वापस पा रहा है। इसके विकास से ही विकसित भारत का सपना साकार होगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि जम्मू-कश्मीर देश का मुकुट है। मैं चाहता हूं कि यह मुकुट और अधिक सुंदर और समृद्ध बने। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का सपना तब साकार होगा जब इसका मुकुट कश्मीर प्रगति के रत्नों से सजेगा। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों से जम्मू-कश्मीर में शांति और तरक्की का माहौल है। उसका फायदा हम टूरिज्म सेक्टर में देख रहे हैं। साल 2024 में दो करोड़ से अधिक टूरिस्ट जम्मू-कश्मीर आए हैं। यहां सोनमर्ग में भी 10 साल में 6 गुना ज्यादा टूरिस्ट बढ़े हैं। इसका लाभ यहां की जनता को हुआ है।

प्रधानमंत्री मोदी ने जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग का जिक्र किए बगैर कहा, ÷आप निश्चिंत रहिए, ये मोदी है। अगर वो कोई वादा करता है, तो उसे निभाता भी है। हर काम का एक समय होता है और सही समय पर सही काम होने वाला है।÷ उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री की यह टिप्पणी मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला द्वारा कार्यक्रम में अपने भाषण के दौरान जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग के तुरंत बाद आई है।सोनमर्ग सुरंग को जम्मू-कश्मीर की पुरानी मांग बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इस सुरंग से सोनमर्ग के साथ-साथ कारगिल और लेह के लोगों का जीवन बहुत आसान होगा। केंद्र में हमारी सरकार बनने के बाद ही 2015 में सोनमर्ग सुरंग के वास्तविक निर्माण का काम शुरू हुआ था। मुझे खुशी है कि इस सुरंग का काम हमारी ही सरकार में पूरा भी हुआ है। मेरा हमेशा मंत्र रहा है कि जो भी हम शुरू करेंगे, उसका उद्घाटन भी हम ही करेंगे। उन्होंने कहा कि सोनमर्ग सुरंग सर्दियों के दौरान सोनमर्ग की कनेक्टिविटी सुनिश्चित करेगी।

यह सोनमर्ग और क्षेत्र में पर्यटन को नए पंख देगी। जल्द ही जम्मू और कश्मीर में कई सड़क और रेल संपर्क पूरे होने वाले हैं। कश्मीर भी रेल से जुड़ने वाला है। अस्पताल बन रहे हैं, कॉलेज बन रहे हैं। ये नया जम्मू-कश्मीर है।

## जी. किशन रेड्डी के आवास पर संक्रांति समारोह में शामिल हुए प्रधानमंत्री



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल के अपने सहयोगी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की तेलंगाना इकाई के अध्यक्ष जी. किशन रेड्डी के आवास पर संक्रांति समारोह में शामिल हुए। इस मौके पर तेलुगु फिल्म स्टार चिरंजीवी, बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु और कई केंद्रीय मंत्री भी कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला भी मौजूद रहे। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तेलंगाना की संस्कृति और नृत्य को भी देखा। जी किशन रेड्डी के आवास के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दिल्ली के नारायणा विहार में आयोजित लोहड़ी समारोह में भी शामिल हुए। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ट्वीट करके कहा कि अपने मंत्रिमंडलीय सहयोगी जी. किशन रेड्डी के निवास पर संक्रांति और पोंगल समारोह में शामिल हुआ। एक बेहतरीन सांस्कृतिक कार्यक्रम भी देखा। उन्होंने कहा कि पूरे भारत में लोग संक्रांति और पोंगल को बड़े उत्साह के साथ मनाते हैं। यह कृतज्ञता, प्रचुरता और नवीनीकरण का उत्सव है, जो हमारी संस्कृति की कृषि परंपराओं में गहराई से निहित है। संक्रांति और पोंगल की मेरी शुभकामनाएं। सभी को खुशहाली, अच्छे स्वास्थ्य और समृद्ध फसल के मौसम की शुभकामनाएं।

## राहुल बोलेः मोदी-केजरीवाल एक जैसे,दोनों अडाणी पर एक शब्द नहीं बोलते

केजरीवाल का जवाब- राहुल को कांग्रेस बचाना है, मुझे देश





**नई दिल्ली,एजेंसी।** राहुल गांधी ने कांग्रेस पार्टी की सीलमपुर रैली में पीएम नरेंद्र मोदी के साथ दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल पर भी निशाना साधा। उन्होंने दिल्ली में महंगाई के लिए इन दोनों नेताओं को जिम्मेदार ठहराया। इस दौरान राहुल गांधी ने ये भी कहा कि ये दोनों नेता अडानी और अंबानी के खिलाफ कुछ नहीं बोलते।

रैली में आए कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए, राहुल गांधी ने कहा, ÷इस देश में गरीब लोगों की कोई भागीदारी नहीं है। मोदी जी और केजरीवाल जी ने महंगाई घटाने का वादा किया था लेकिन यह लगातार बढ़ रही है। अमीर लोग और अमीर हो रहे हैं और गरीब लोग और गरीब हो रहे हैं। अडानी और अंबानी जैसे कुछ अरबपति देश को कंट्रोल कर रहे हैं। क्या आपने कभी मोदी जी और केजरीवाल जी को उनके खिलाफ बोलते देखा? एक शब्द नहीं बोलते हैं। वो अरबपतियों का देश नहीं चाहते।

मोदी की तरह झूठे वादे करते हैं केजरीवाल- राहुलरैली में राहुल गांधी ने दावा किया कि आम आदमी पार्टी के संयोजक भी प्रधानमंत्री की तरह ही प्रचार-प्रसार तथा झूठे वादे करने की रणनीति पर अमल करते हैं। उन्होंने दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए अपनी पहली जनसभा में यह वादा भी किया कि राष्ट्रीय राजधानी में कांग्रेस की सरकार बनने पर जाति जनगणना करवाई जाएगी। राहुल गांधी ने केजरीवाल को आरक्षण की सीमा बढ़ाने और जाति जनगणना के विषय पर अपना रुख स्पष्ट करने की चुनौती दी। कांग्रेस नेता ने कहा कि किसी भी जाति और धर्म के व्यक्ति के खिलाफ हिंसा होगी तो वह उस व्यक्ति के साथ खड़े होंगे।

उन्होंने आरोप लगाया, आजकल भाजपा और आरएसएस के लोग संविधान को खत्म करने में लगे हैं। वे नफरत फैलाते हैं और एक भाई को दूसरे भाई से लड़ाते हैं, लोगों को डराते हैं।

राहुल गांधी ने कांग्रेस नेता ने कहा, ÷जब मैं जाति जनगणना की बात करता हूं तो नरेंद्र मोदी जी और केजरीवाल जी के मुंह से एक शब्द नहीं निकलता। दोनों चाहते हैं कि पिछड़े वर्ग, दलित, आदिवासी और अल्पसंख्यकों को भागीदारी नहीं मिले। उन्होंने दावा किया, लंबे-लंबे भाषण करेंगे, मोदी जी भी करेंगे और केजरीवाल जी भी करेंगे। लेकिन जब भागीदारी देने की बात आएगी तो सिर्फ कांग्रेस करेगी।

## आर्मी चीफ बोले- बांग्लादेश की चुनी सरकार से ही बात करेंगे

**चीन सीमा पर स्थिति संवेदनशील, मणिपुर में हिंसा के बीच शांति की कोशिश जारी**

**नई दिल्ली,एजेंसी।** आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने सोमवार को कहा कि बांग्लादेश में तख्तापलट के दौरान उनके सेना प्रमुख के संपर्क में था, लेकिन अब हम बांग्लादेश के साथ संबंधों के बारे में तभी बात कर सकते हैं जब वहां चुनी हुई सरकार हो। जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान देश की सभी सीमाओं पर सुरक्षा को लेकर चर्चा की। उन्होंने चीन बॉर्डर, म्यांमार बॉर्डर के अलावा मणिपुर हिंसा को लेकर आर्मी की तैयारियों के बारे में बताया।

द्विवेदी ने कहा- जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में हम धीरे-धीरे टेररिज्म से टूरिज्म की ओर बढ़ रहे हैं। लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल (चीन सीमा) पर स्थिति संवेदनशील है, लेकिन कंट्रोल में है। इस मुद्दे पर पीएम मोदी भी चीन के प्रमुख से बात कर चुके हैं। वहां अब बफर जोन नहीं है।

## यूपी में घना कोहरा, 67 ट्रेनें 10 घंटे तक लेट,शिमला में 2 दिन में पारा 11डिग्री गिरा



**नई दिल्ली ,एजेंसी।** देश के उत्तरी और मध्य भारत के राज्यों में पारा लगातार गिर रहा है। इसके साथ ही घने कोहरे का भी असर देखने को मिल रहा है। यूपी के 64 जिलों में घने कोहरे के कारण विजिबिलिटी 50 मीटर तक गिर गई। इससे 67 ट्रेनें 10 घंटे देरी से पहुंचीं। महोबा में ठंड के कारण एक युवक की मौत हो गई। दिल्ली में भी कई ट्रेन और कुछ फ्लाइट विजिबिलिटी घटने के कारण लेट हुईं। तमिलनाडु में चेन्नई एयरपोर्ट पर भी फ्लाइट अपने निर्धारित समय पर नहीं उड़ सकीं। हिमाचल में बर्फबारी के कारण कई शहरों में तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। शिमला का अधिकतम तापमान पिछले 48 घंटों में 11.4 डिग्री गिरकर 5.6 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।बिहार के पटना समेत 4 जिलों और राजस्थान के जयपुर समेत 19 जिलों में आठवीं क्लास तक की छुट्टी घोषित कर दी गई है। मौसम विभाग ने पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ समेत 15 राज्यों में कोहरे का अलर्ट जारी किया है।

## आयुष्मान भारत के तहत 45 प्रतिशत आबादी को किया गया कवर, ओडिशा में बोले केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा

**भुवनेश्वर,एजेंसी।** ओडिशा के लिए एक अच्छी खबर है। राज्य ने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के कार्यान्वयन के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस दौरान भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा, ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी और केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान मौजूद रहे।

**सरकार कर रही अहम काम** :इस समझौता ज्ञापन के साथ, ओडिशा आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना को लागू करने वाला 34वां राज्य/केंद्र शासित प्रदेश बन गया है। वर्तमान में, केवल पश्चिम बंगाल और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली ने ही केंद्र सरकार की स्वास्थ्य योजना को लागू नहीं किया है। स्वास्थ्य मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, सरकार शेष राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को इस योजना में शामिल करने के लिए उनके साथ काम कर रही है।

**भारतीय आबादी का 45 प्रतिशत कवर** :केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत अब तक 61 करोड़ लोग यानी भारतीय आबादी का 45 प्रतिशत कवर हो चुका है। उन्होंने कहा,



आज हम प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना को गोपाबंधु जन आरोग्य योजना के साथ मिलाकर ओडिशा में शुरू कर रहे हैं। यह एक ऐतिहासिक पल है जो ओडिशा के आम आदमी की मदद करेगा। 2015 में जब मैं स्वास्थ्य मंत्री था, तो मैंने जिनेवा में विश्व स्वास्थ्य सभा की अध्यक्षता की थी। वहां यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज पर चर्चा हुई थी। तब मैंने सवाल उठाया था कि क्या भारत यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज की दिशा में आगे बढ़ सकता है? फिर हमने आयुष्मान भारत पर काम शुरू किया।

## वित्त मंत्री बोलीं- भारत दुनिया के शीर्ष 25 हथियार निर्यातकों में शामिल, एक दशक में इतनी बढ़ोतरी

**गांधीनगर,एजेंसी।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन ने कहा कि भारत अब दुनिया के शीर्ष 25 हथियार निर्यातकों में शामिल हो गया है। उन्होंने सोमवार को गुजरात के गांधीनगर में राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय के चौथे दीक्षांत समारोह में इस उपलब्धि को रेखांकित किया।

उन्होंने कहा, 2015 से 2019 तक भारत दूसरा सबसे बड़ा हथियार आयातक देश था। अब 100 से अधिक कंपनियां ब्रह्मोस मिसाइल, पिनाका रॉकेट प्रणाली और डोर्नियर एयरक्राफ्ट जैसे उत्पादों का निर्यात कर रही हैं। रक्षा निर्यात भी 2023-24 में 21,083 करोड़ रुपये के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया, जो 2013-14 के मात्र 686 करोड़ रुपये से उल्लेखनीय उछाल है। यह एक दशक में 30 गुना वृद्धि को दर्शाता है।

वित्त मंत्री ने रक्षा क्षेत्र में स्वदेशी हथियारों के निर्माण में हुई वृद्धि पर कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 देश में 1.27 लाख करोड़ रुपये के हथियारों का निर्माण हुआ यानी रक्षा उत्पादन किया गया। मंत्री ने इस वृद्धि का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मजबूत नीतिगत बदलाव और निवेश को दिया।




**डिजिटल बुनियादी ढांचे की सुरक्षा के लिए प्रौद्योगिकी के जानकारों की जरूरत:**उन्होंने कहा, भारत जैसे बड़े देश के लिए सुरक्षा केवल सीमाओं की देखभाल करना ही नहीं है। आज प्रौद्योगिकी सीमाओं का इंतजार नहीं करती। उत्पादकता बढ़ाने के लिए प्रौद्योगिकी जितनी उपलब्ध है, कुछ निहित स्वार्थों या नकारात्मक ताकतों द्वारा उसका दुरुपयोग भी किया जा रहा है।

सीतारमण ने कहा कि भारत की वृद्धि कुछ 'लोगों' को पसंद नहीं आ सकती। उन्होंने कहा, यह मानना अहम है कि भारत हमारे सभी प्रतिस्पर्धियों की नजर में बढ़ रहा है।

# अब ग्रामीण क्षेत्र के मरीजों को हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर मिल रही है 151 प्रकार की मेडिसिन

## एचडब्ल्यूसी पर 14 प्रकार की जांच की सुविधा उपलब्ध

* गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा मुहैया कराने के लिए विभाग संकल्पित
* वाहनों के माध्यम से पहुंचाया जाता है दवा




**दैनिक खोज खबर/छपरा।** शहरी से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों के अंतिम पंक्ति तक के लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने के लिए स्वास्थ्य विभाग और बिहार सरकार कृत-संकल्पित है। इस दिशा में कई महत्वपूर्ण पहल की गयी है। स्वास्थ्य विभाग का प्रयास है कि मरीजों को इलाज के साथ-साथ शत-प्रतिशत निशुल्क दवा भी उपलब्ध करायी जाये। यही कारण है कि अब पंचायत स्तर पर संचालित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर भी शत-प्रतिशत दवा की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर 151 प्रकार की दवा उपलब्ध करायी जा रही है। ताकि मरीजों को इलाज के बाद बाहर से दवा नहीं खरीदना पड़े। इसके साथ इन सेंटरों पर 14 प्रकार के डाग्योनेस्टिक जांच की सुविधा उपलब्ध है। हीमोग्लोबिन, डायबिटिज, ब्लड प्रेशर, ब्लड ग्रुप, फाइलेरिया , डेंगू, यूरिन , प्रीग्नेंसी , सोडियम , एचआईवी ,हेपटाइटिस ,मलेरिया, सिप्लिस, वाटर टेस्टिंग, टीबी कैंसर स्क्रीनिंग आदि की जांच करना है। स्वास्थ्य विभाग का उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान करना है, और इसके लिए विभाग संकल्पित है। स्वास्थ्य विभाग की यह पहल खासकर उन क्षेत्रों में लाभकारी साबित हो रही है, जहां स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी थी। बिहार सरकार के इस प्रयास से ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले मरीजों को अब इलाज के साथ-साथ उचित दवाएं और परीक्षण सेवाएं भी मिल रही हैं, जिससे उनकी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का समाधान अधिक प्रभावी ढंग से किया जा रहा है। स्वास्थ्य सेवाओं में जनता की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए सभी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर ह्लजन आरोग्य समितिङ्क का गठन किया जा चुका है। इसके माध्यम से इन केंद्रों पर उपचार के लिए आने वाले लोगों को सामान्य चिकित्सा से संबंधित सुविधाएं उपलब्ध करायी जानी हैं।

**अब बाहर से नहीं खरीदनी पड़ती है दवाएं:** जिला स्वास्थ्य समिति के डीपीसी रमेश चंद्र कुमार ने बताया कि हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर प्राथमिक रूप से सभी बीमारी की ईलाज होती है वही रेफर किए गए मरीज को के लिए फॉलोअप की दवा उपलब्ध रहता है। फॉलोअप में विशेष कर नॉन-कम्युनिकल (गैर संचारी रोग) जैसे हाइपरटेंशन, डायबिटीज, ब्लड प्रेशर ,हृदय रोग, कैंसर, दमा एवं सांस आदि बीमारियां गैर संचारी रोगों की श्रेणी के प्रमुख घातक बीमारियां है। इन बीमारियों के फॉलोअप की दवा सभी एचडब्ल्यूसी में उपलब्ध है। इससे ग्रामीण क्षेत्र के सामान्य तौर पर आम मरीजों को बड़े अस्पताल या किसी अन्य दवा स्टोर पर जाने की जरूरत नहीं होती है मरीजों को स्थानीय स्तर पर हेल्थ बोलने सेंटर पर ही सभी दवाई उपलब्ध हो जाती है।

**नि:शुल्क औषधि वाहन से पहुंचायी जाती है दवा:** सिविल सर्जन डॉ. सागर दुलाल सिन्हा ने बताया कि दवा की उपलब्धता शत-प्रतिशत सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार दवा वाहन उपलब्ध कराए गये है। जिसके माध्यम से अब जिला स्तर से प्रखंड स्तर और प्रखंड से पंचायत स्तर के स्वास्थ्य केंद्रों को नि:शुल्क औषधि वाहन के माध्यम से दवा पहुंचायी जा रही है। एक बड़ा वाहन और 3 छोटा वाहन राज्य स्तर से उपलब्ध कराया गया है। जिसके माध्यम से दवा पहुंचाया जा रहा है।

### हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर मिलती हैं ये सेवाएं:

1. प्रसव पूर्व जांच
2. नवजात एवं शिशु सामान्य स्वास्थ्य देखभाल
3. बाल्यावस्था एवं किशोर सामान्य स्वास्थ्य देखभाल
4. परिवार नियोजन, गर्भनिरोधक एवं सामान्य प्रजनन स्वास्थ्य देखभाल
5. राष्ट्रीय कार्यक्रमों के अनुसार संचारी रोगों का सामान्य प्रबंधन
6. बीमारियों का ओपीडी के माध्यम से सामान्य प्रबंधन
7. गैर संचारी रोगों की स्क्रीनिंग, सामान्य प्रबंधन, क्षय एवं कुष्ठ रोग का सामान्य प्रबंधन
8. नेत्र एवं इएनटी से संबंधित सामान्य स्वास्थ्य सेवाएं
9. मौखिक स्वास्थ्य एवं दंत देखभाल से संबंधित सामान्य सेवाएं
10. वृद्धावस्था केयर से संबंधित सामान्य स्वास्थ्य सेवाएं
11. सामान्य चिकित्सीय आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाएं
12. मानसिक स्वास्थ्य बीमारियों की स्क्रीनिंग एवं सामान्य प्रबंधन

---

**फाइलेरिया उन्मूलन अभियान**

## सर्वजन दवा सेवन अभियान की सफलता को लेकर जिला स्तरीय प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण का हुआ आयोजन



**दैनिक खोज खबर/सिवान।** राज्य के सिवान सहित 14 जिलों में आगामी 10 फरवरी 2025 से सर्वजन दवा सेवन (एमडीए) अभियान चलाया शुरू होने वाला है। शुरुआती तीन दिन बूथ स्तर जबकि शेष 14 दिन डोर टू डोर भ्रमण कर आशा कार्यकर्ता और स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा दवा का खिलाया जाएगा। जिसको लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण (टीओटी) का आयोजन सदर अस्पताल परिसर स्थित सभागार में किया गया। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ श्रीनिवास प्रसाद, डीवीबीडीसीओ डॉ ओपी लाल, डब्ल्यूएचओ की क्षेत्रीय सलाहकार डॉ माधुरी देवाराजू, सिफार के डीपीसी धर्मेंद्र रस्तोगी, पीरामल स्वास्थ्य के जिला प्रतिनिधि कुंदन कुमार, पीएल मिथिलेश कुमार पाण्डेय, सोनू सिंह, डीवीबीडीसी नीरज कुमार सिंह, वीडीसीओ प्रीति आनंद, विकास कुमार, कुंदन कुमार, राज तिलक सहित जिले के सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, बीएचएम, बीसीएम, वीबीडीसी और बीएचआई उपस्थित थे।

सिविल सर्जन डॉ श्रीनिवास प्रसाद ने कहा कि सर्वजन दवा सेवन राउंड के दौरान दवा सेवन सुनिश्चित करने के लिए प्रखंड स्तर तक मजबूत तरीके से मूल्यांकन और अनुश्रवण की जरूरत है। जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ ओम प्रकाश लाल ने कहा कि दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं, गंभीर रोग से ग्रसित मरीजों को छोड़ कर शेष सभी लोग इस दवा को खा सकते हैं। दो से पांच वर्ष तक के बच्चों को सर्वजन दवा सेवन अभियान के तहत 100 मिलीग्राम की डीईसी एवं 400 मिलीग्राम अल्बेंडाजोल टैबलेट की एक-एक गोली खिलायी जाएगी। 06 से 14 वर्ष तक के बच्चों को डीईसी की दो एवं अल्बेंडाजोल की एक गोली एवं 15 साल से अधिक उम्र के सभी लोगों को डीईसी की तीन एवं अल्बेंडाजोल की एक गोली खिलायी जाएगी।

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की क्षेत्रीय सलाहकार डॉ माधुरी देवाराजू ने उपस्थित सभी प्रतिभागियों से कहा कि विगत महीने एनबीएस यानी रात्रि में रक्त संग्रह का आयोजन कर माइक्रो फाइलेरिया रेट का पता लगाया गया था। जिसके आधार पर एमडीए कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। हालांकि पिछली बार के मुकाबले इस बार फरवरी में आयोजित होने वाले एमडीए कार्यक्रम बेहतर होने की संभावना है। फाइलेरिया के मरीज मिलने की स्थिति में वहां पर सघन निगरानी एवं नियमित रूप से अनुश्रवण की जरुरत होती है। इसके लिए राज्य स्तरीय टीओटी का आयोजन किया जा चुका हैं। पीरामल स्वास्थ्य के जिला प्रतिनिधि कुंदन कुमार ने कहा कि एमडीए अभियान में आशा कार्यकर्त्ता द्वारा गृह भ्रमण कर अपने सामने लोगों को दवा खिलायेंगी। प्रत्येक टीम के द्वारा प्रतिदिन में चालीस से अधिक घरों में जाकर लक्षित समूह को अपने सामने दवा का सेवन कराना सुनिश्चित करेंगी। यहां तक कि इस अभियान के तहत किसी भी दिन छूटे हुए लोगों के बीच दुबारा जाकर आशा कार्यकर्त्ता दवा का सेवन कराना सुनिश्चित करेंगी।

---

## बंद घर का ताला तोड़कर आभूषण, नकदी व कपड़े समेत दो लाख की चोरी

**एकमा।** क्षेत्र के केशरी गांव के निवासी धनन राय के बंद घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने बाइक, पम्प, बर्तन, वस्त्र, आभूषण व नकद समेत दो लाख रूपये मूल्य की सम्पत्ति शनिवार की रात्रि में चोरी कर लेने का मामला सामने आया है। इस घटना के एक सप्ताह पहले बेतवनिया गांव के रमेन्द्र गिरि के बंद घर का ताला तोड़कर लाखों रूपये मूल्य की सम्पत्ति अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी कर लिया गया था। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल में जुट गयी है। उधर पुलिस का दावा है कि जल्द ही इस मामले का उद्भेदन कर चोरों को गिरफ्तार कर चोरी गयी सम्पत्ति को बरामद कर लिया जायेगा।

## विवेकानंद जयंती अलग-अलग स्थानों में स्वास्थ जांच शिविर के माध्यम से मनाई

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** नेशनल मेडिकल ऑर्गेनाइजेशन के तत्वाधान में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने सेवा दिवस के रूप मे विवेकानंद जयंती पूरे जिले के अलग अलग स्थानों में स्वास्थ जांच शिविर के माध्यम से मनाई। नर सेवा नारायण सेवा, सेवा परम धर्म को चरितार्थ शहर के प्रतिष्ठित डॉक्टर राजीव रंजन, अमित रंजन ने अपनी सेवा प्रदान कर मानवता के कार्य में शामिल हो कर युवा दिवस पर सहभागिता सुनिश्चित की। इस अवसर पर छपरा विधायक डॉक्टर सीएन गुप्ता, डिप्टी मेयर रागिनी देवी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विजय जी, मलय कु, रविन्द्र कु, मनोज कु, हवलदार राम, धर्मनाथ पिंटू, बस्ती प्रमुख संजीव चौधरी, आनंद जी, बीरबहुदार नगर सेवा प्रमुख रंजन सहित सभी स्वयंसेवक ने अपनी महती भूमिका निभाई।

## 40 लीटर देशी शराब के साथ नगर पार्षद पति गिरफ्तार

**एकमा (सारण)।** पुलिस अधीक्षक डॉ कुमार आशीष के निर्देश पर एकमा थाने की पुलिस ने गंजपर गांव के निवासी व नगर पंचायत एकमा बाजार क्षेत्र के वार्ड 17 के नगर पार्षद अंशु देवी के घर पर छापेमारी कर 40 लीटर देशी शराब बरामद किया। इस दौरान पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर नगर पार्षद के पति सह प्रतिनिधि अमित कुमार चौधरी को गिरफ्तार कर लिया। बताया जाता है कि पुलिस ने आवश्यक पूछताछ करने के बाद गिरफ्तार नगर पार्षद प्रतिनिधि शराब के धंधेबाज अमित कुमार चौधरी को जेल भेज दिया।

## मारपीट मामले का आरोपित गिरफ्तार

**एकमा (सारण)** एकमा थाने की पुलिस ने मारपीट मामले के फरार आरोपित नरहनी गांव निवासी शशि कुमार साह को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्रवाई की है।

---

## शहर के जाम में नगर निगम का भी योगदान ! बेतरीब तरीके से दिन में होता हैं कचड़ा उठाव



**दैनिक खोज खबर/छपरा।** नगर निगम की लापरवाही और उनके विचित्र कारनामे पहले से भी काफी चर्चित रहा है और जो आज भी बरकरार है। कई बार नगर निगम के कर्मचारियों को एवं उनके अधिकारियों को डीएम के द्वारा यह निर्देश भी दिया गया कि शहर में साफ सफाई की व्यवस्था सुदृढ़ होनी चाहिए। हालांकि इसको लेकर नगर निगम प्रयासरत भी रहता है, लेकिन लेट लतीफी इनका स्वभाव बन गया है नगर निगम जो कि साफ सफाई का कार्य दिन के 12 बजे से करते है जिसके कारण शहर को जाम का मार झेलना पड़ता है सबसे बड़ी विडंबना यह है कि अभी हाल फिलहाल में ही सारण डीएम अमन समीर के द्वारा एक प्रेस वार्ता में ये नगर निगम को निर्देश दिया गया था कि ये साफ सफाई का कार्य सुबह दस बजे तक कर ले, लेकिन इनपर किसी के कोई आदेश का कोई असर नही होता। ये बड़ी बड़ी गाड़िया लेकर शहर में कचड़ा उठाव का कार्य करने लगते है। जिससे जाम लगना स्वाभाविक हो जाता है यही नही इनकी लापरवाही यही तक नही है ये जब कीचड़ सहित कचड़ा का उठाव करते है तो ऐसे ही खुले ट्रैक्टर में ले जाते है, जिससे कचड़ा रास्ते भर गिरता जाता है। जबकि इन्हें ये निर्देशित भी किया गया है कि सुरक्षित और ढक कर ले जाये। लेकिन ये किसी की नही सुनते इनके इस कार्य से लोगो मे काफी नाराजगी भी देखी जा रही है इनके इस कृत्य से शहर में कई जगह घंटो तक जाम से लोगो को जूझना पड़ता है।

## इसुआपुर में आंगनबाड़ी केदो पर विद्युतीकरण के लिए लगा कैंप

**दैनिक खोज खबर/इसुआपुर।** प्रखंड के आंगनबाड़ी केदो पर विद्युतीकरण करने को लेकर सीडीपीओ कार्यालय परिसर में सोमवार को कैंप लगाकर ऑनलाइन अप्लाई सुविधा एप्स के माध्यम से किया गया। वहीं विभाग के द्वारा केंद्र में पढ़ने वाले बच्चों के लिए दवा का वितरण भी कैंप के माध्यम से किया गया। वहीं प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र को उसके जरूरत के हिसाब से पर्मेथ्रिन लोशन, मैक्सी फ्लाक्सासिन आई ड्रॉप तथा पोभिडोन ऑइंटमेंट की दवा आंगनबाड़ी सेविका सहायिकाओं को दी गई। वही कैंप में प्रखंड की सारी सेविका एवं सहायिका उपस्थित थी। मौके पर सीडीपीओ चंद्रकांति कुमारी, एलएस पिंकी कुमारी,एलएस अनु कुमारी,अध्यक्ष शशि कुमारी, उपाध्यक्ष संगीता देवी, अंजू देवी, नीरज कुमारी, पूनम देवी, संजना कुमारी, समता कुमारी, रेणु देवी,सुमन देवी, विद्यावती देवी व अन्य थी

## इसुआपुर में ग्राम कचहरी के सदस्यों को दिया गया न्यू क्रिमिनल लॉ का एक दिवसीय प्रशिक्षण

**दैनिक खोज खबर/इसुआपुर।** प्रखंड मुख्यालय के सभागार में सोमवार को ग्राम कचहरी के सरपंच,उपसरपंच, सचिव तथा न्याय मित्रों को संशोधित धाराएं 2023 के आलोक में प्रशिक्षक बसंत कुमार एवं मनोज कुमार पंडित के द्वारा विस्तार रूप से जानकारी दी गई। वही भारतीय न्याय संहिता की धारा 168,189(2)(3), 191(2)(3) तथा अन्य 40 न्यू क्रिमिनल लॉ की धारा के ऊपर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रखंड के सभी सरपंच, उप सरपंच, न्याय मित्र तथा ग्राम कचहरी के सचिव उपस्थित थे। प्रशिक्षण शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में दिया गया।

---

## गणतंत्र दिवस को समारोह पूर्वक मनाने का लिया गया निर्णय

### राजकीय सामारोह का होगा आयोजन, झांकियां और परेड की टुकड़ियां होगी शामिल




**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा।** गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारी को लेकर अनुमंडल कार्यालय प्रकोष्ठ में एक बैठक हुई। एसडीओ डॉ. प्रेरणा सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में अधिकारीयों एवं गणमान्य लोगों के सुझाव व प्रस्ताव पर चर्चा की गई। एसडीओ डॉ प्रेरणा सिंह ने प्राप्त सुझाव एवं प्रस्ताव के बाद विभिन्न सरकारी व गैरसरकारी संस्थाओं के लगभग एक दर्जन झांकी एवं परेड को कार्यक्रम में शामिल करने को लेकर निर्देशित किया। वहीं संबंधित विभागों से जुड़े अधिकारीयों को कार्यक्रम को समारोह पूर्वक प्रस्तुत करने को लेकर निर्देशित किया।

बैठक में राजकीय सामारोह के कार्यक्रम को धूमधाम से मनाने के निर्णय के साथ थाना के पीछे चीनी मिल हाता मैदान में कार्यक्रम स्थल के लिए चयनित किया गया। राजकीय समारोह में विभिन्न प्रकार की झांकियां और परेड की टुकड़ियां शामिल होगी। इसके लिए अलग से पुलिस अधिकारीयों एवं विद्यालय प्रभारियों को इसकी पूर्व से तैयारी और बेहतर प्रस्तुति के लिए निर्देशित किया गया। वहीं एसडीओ के नेतृत्व में एक कमिटी बनाई गई, जिसमें खेल, कला, विज्ञान आदि क्षेत्रों में विशिष्टता प्राप्त वाले व्यक्तियों का चयनित करने की बात कही गई। राजकीय समारोह के कार्यक्रम स्थल की साफ सफाई की जिम्मेवारी नपं प्रशासन की रहेगी। बैठक में डीसीएलआर मनोहर लाल, मढ़ौरा बीडीओ सुधीर कुमार, सीओ अम्बपालिका यादव, अनुमंडल कल्याण पदाधिकारी रमण कुमार सिंह, रेफरल अस्पताल के हेल्थ प्रबंधक विश्वजीत सिंह, बीइओ मदन मोहन साह, शिक्षक प्रमोद सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

---

## सड़क दुर्घटना में एकमा के दो शिक्षकों की असामयिक निधन पर बीआरसी में शोक सभा आयोजित, दी गई श्रद्धांजलि

**दैनिक खोज खबर/एकमा (सारण)।** नगर पंचायत एकमा बाजार क्षेत्र के दो अलग-अलग विद्यालयों में पदस्थापित शिक्षकों क्रमशः नवसृजित प्राथमिक विद्यालय कोहरगढ़ में तैनात विक्रांत प्रियदर्शी व उत्क्रमित मध्य विद्यालय गंजपर में कार्यरत शिक्षक राणा तिवारी की शनिवार को अपनी ड्यूटी करके एक ही बाइक पर सवार होकर घर लौटने के क्रम में दाउदपुर में सड़क दुर्घटना में असामयिक निधन हो गयी थी। इस दुःखद घटना पर उनकी आत्मा की शांति के लिए सोमवार को एकमा बीआरसी परिसर में एक शोक सभा का आयोजन किया गया।शोक सभा में बीईओ, शिक्षकों और समाज के अन्य गणमान्य लोगों ने शामिल होकर दिवंगत शिक्षकों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। शोक सभा की अध्यक्षता परिवर्तनकारी शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष समरेन्द्र बहादुर सिंह ने की। उनके साथ बीईओ योगेंद्र बैठा सहित शिक्षक-शिक्षिकाओं क्रमशः अरुण कुमार सिंह, मंजीत कुमार तिवारी, उपेंद्र कुमार यादव, अनीता पांडेय, शैलेश कुमार सिंह, सुमन प्रसाद कुशवाहा, संदीप श्रीवास्तव, सुलेखा कुमारी, राजेश राम, साहेब हुसैन, नसीम अंसारी, प्रहलाद महाराज, आदि शोक सभा में शामिल हुए।शोक सभा में शामिल वक्ताओं ने दोनों दिवंगत शिक्षकों के व्यक्तित्व व उनकी शैक्षणिक सेवाओं को याद किया। उन्होंने कहा कि इन शिक्षकों की असमय मृत्यु से शिक्षा जगत को भारी क्षति पहुंची है। जिसकी भरपाई कर पाना निकट भविष्य में मुश्किल होगा।



इस दौरान सैकड़ों शिक्षकों व स्थानीय लोगों की उपस्थिति ने इस बात को साबित किया कि ये दोनों शिक्षक केवल अपने विद्यालयों तक सीमित न रहते हुए पूरे समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत थे। अंत में दो मिनट का मौन रखकर मृत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई।यह शोक सभा मृत शिक्षकों की स्मृति में एकजुटता व संवेदना प्रकट करने का मंच बनी, जिससे स्पष्ट हुआ कि शिक्षक समाज में कितने सम्मानित व प्रेरणादायक होते हैं।

**जताई शोक संवेदनाएं:** एकमा व आसपास क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में भी अलग-अलग शोक सभाएं आयोजित कर दिवंगत दोनों शिक्षकों की आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, एकमा विधायक श्रीकांत यादव, विधान पार्षद डॉ वीरेन्द्र नारायण यादव, पूर्व मंत्री गौतम सिंह, विधान पार्षद ई सच्चिदानंद राय, लोजपा (रा) नेता कामेश्वर कुमार सिंह मुन्ना, राजद नेता सुधांशु रंजन, शिक्षक नेता दिनेश सिंह, पूर्व विधायक मनोरंजन कुमार सिंह धूमल, पूर्व मंत्री महाचंद्र प्रसाद सिंह, जदयू किसान प्रकोष्ठ नेता अशोक कुमार सिंह, शिक्षक डॉ शशिभूषण शाही, व्यास सिंह, जितेन्द्र पांडेय, कुमार रश्मि रंजन, संजय भारती, दीपक कुमार, भरत सिंह, मो तौकीर अंसारी, अनीता पांडेय, दिग्विजय गुप्ता, अंजू कुमारी योगेश कुमार सिंह, कमल कुमार सिंह, छविनाथ मांझी, सोनाली नंदा, विभा कुमारी, विकास कुमार, उमेश सिंह, विनय कुमार सिंह, शिक्षक नसीम अख्तर, परिवर्तनकारी शिक्षक महासंघ के प्रमंडलीय संयोजक अरविंद कुमार, आईपीएस अधिकारी डॉ जय प्रकाश सिंह, मनोज कुमार सिंह, आईएएस अधिकारी अनुज सिंह, डॉ सुनील सिंह, पूर्व मुखिया राहुल प्रकाश सिंह, जेपी सेनानी डॉ रामजी तिवारी, जन सुराज के नेता बच्चा सिंह, मुन्ना भवानी, ओमप्रकाश सिंह, ललित तिवारी, शिक्षाविद प्रो अजीत कुमार सिंह, समाजसेवी डॉ सत्यदेव प्रसाद यादव, वीरेंद्र कुमार यादव, डॉ अमित तिवारी, के के सिंह सेंगर, अमित कुमार, संजीत कुमार, भाजपा नेता चैतेंद्र नाथ सिंह, मुकेश कुमार सिंह, इंजीनियर जयप्रकाश सिंह, अविनाश चंद्र उपाध्याय, बंटी ओझा, श्रीप्रकाश, रवि महतो, प्रदीप कुमार पप्पू, जितेन्द्र सिंह, आप नेता भूपेंद्र प्रसाद सिंह आदि अन्य लोग शामिल हैं।

# खरिका और नयागांव में भू सर्वे को लेकर शिविर आयोजित

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** बिहार के सभी अंचलो मे भूमि विवाद को समाप्त करने के उद्देश्य से सरकार ने सर्वे का काम शुरू कर दिया है. जहां सभी राजस्व ग्रामों में भूमि स्वामियों को कागजात को सर्वे कर्मियों को जमा करनी हैजिससे सर्वे कर्मी भूमि स्वामी के कागजात केआधार पर सर्वे का कार्य को पूर्ण रूप से कागजी प्रक्रिया के तहत पूर्ण कर सकेइसी क्रम मे पुनः सोनपुर अंचल के सभी 20 राजस्व ग्रामो पंचायत मे तिथि वार शिविर लगाकर भूस्वामियों को भूमि से संबंधित कागजात को जमा करने एवं भूमि से संबंधित होने वाली समस्याओं को हल करने केलिए सुझाव व जनकारी देने केउद्देश्य से शिविर का आयोजन किया गया है.इसकी जानकारी सभी पंचायत केजनप्रतिनिधियों को विभाग के द्वारा अवगत कराते हुए उन पंचायत में शिविर लगने की पूर्व माइकिंग के द्वारा लोगों को अवगत कराने के अपील की गयी है. इसी क्रम में सोमवार को खारिका और नयागांव पंचायत में शिविर लगाई गई. जहां सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी दीपू कुमार, कानूनगो संदीप कुमार,सर्वे अमीन के साथ पहुंच गए. भूमि से संबंधित जानकारी सैकड़ो भू स्वामियों को देते हुए उन्होंने बताया कि बिहार में सर्वे का कार्य चल रहा है जहां सोनपुर में भी सर्वे का कार्य शुरू हो गई है.ऐसे में अपनी वंशावली बनाकर अपने अपने हिस्से केभूमि को आपसी बटवारा करते हुए कागजात के आधार पर भूमि से संबंधित सभी कागजत स्लगन व प्रपत्र 1,2,3 में भरकर सर्वे कर्मियों के यहां जमा कर दे. जिसके आधार पर कानूनी कागजी प्रक्रिया के तहत सर्वे के कार्य को पूर्ण करते हुए धरातल पर भू स्वामी के मौजूदगी में भूमि की पैमाइश की जाएगी. अगर आपसी बटवारा नहीं हुई तो संयुक्त रूप से खाता खोलकर सर्वे का कार्य पूर्ण की जाएगीजिन भूमि केस्वामी नहीं होंगे वैसे भूमि को सरकार केनाम से खाता, खेसरा खोला जायेगा.सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी ने यह भी बताया कि भूमि स्वामी अपने-अपने भूमि के आपसी बंटवारा कर ले नहीं तो कानूनी प्रक्रिया में कई तरह की समस्याओं से जूझते हुए परेशानियों का सामना करना पड़ेगा. उन समस्याओं से निजात पाने के लिए सरकारी स्टांप पेपर पर पांच गवाहों के आधार पर अपने-अपने भूमि के बंटवारा कर ले. वही कानूनगो संदीप कुमार ने बताया कि 20 पंचायत में तिथि वार शिविर लगाई जा रही है।



## डेरनी गायत्री शक्तिपीठ ऋतंभरा प्रज्ञा आश्रम में पौष पूर्णिमा को जाप पाठ

**दैनिक खोज खबर/दरियापुर।** डेरनी गायत्री शक्तिपीठ ऋतंभरा प्रज्ञा आश्रम में पौष पूर्णिमा के शुभ अवसर पर प्रत्येक पूर्णिमा की भांति आज 12 घंटीय जाप अनुष्ठान के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस क्रम में प्रातः 4 बजकर 30 मिनट से आश्रम में साफ-सफाई का कार्य शुरू हुआ। 5 बजकर 45 मिनट से वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ जप अनुष्ठान हेतु कर्मकांड आरंभ हुआ। 6 बजकर 26 मिनट पर आशुतोष कुमार, भागीरथ कुमार को बारह घंटिये जप अनुष्ठान का संकल्प कराया गया। सर्वप्रथम गुरु वंदना, साधनादिपवित्रिकरण, मंगलाचरण, षट्कर्म के पश्चात गुरु आवाहन, गायत्री आवाहन, सर्वदेव आवाहन, सर्वदेव नमस्कार, स्वस्तिवाचन किया गया। वैदिक कर्मकांड सद्गुरु मुकेश ऋषि द्वारा संपन्न हुआ। इस अवसर पर समस्त शिष्यों ने बारी-बारी से जप अनुष्ठान में भाग लिया। संध्या 7 बजे दीपयज्ञ के साथ 12 घंटीय जप अनुष्ठान की पूर्णाहुति होगी। मुख्य रूप से इंदु देवी, सनकेशा देवी, लखपति देवी, आशा देवी, बबीता देवी, सुनीता देवी, राजकुमारी देवी, मंजू देवी, प्रभावित देवी, बिगनी देवी ने भाग लिया।

## सारण सांसद रूडी की पहल पर लगा दिव्यांग का कृत्रिम पैर

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर प्रखंड केअंतर्गत सबलपुर मध्यवर्ती पंचायत के मुस्लिम टोला निवासी मो.जंजीर का एक पैर बहुत पहले एक सड़क दुर्घटना में डॉ द्वार काट दिया गया था। जिसकी सूचना दक्षिण मंडल अध्यक्ष दीपक शर्मा, सरपंच दिलीप शर्मा, नीतू चंदन, समाजसेवी अविनाश शर्मा, ललित शर्मा ने सांसद संपर्क केंद्र में संपर्क करके दिया। जिसके बाद सांसद राजीव प्रताप रूडी के पहल के बाद सांसद केचेहते समाजसेवी राजीव मुनमुन ने त्वरित कार्य करते हुए दिव्यांग मो0 जंजीर को अपने साथ अपने सेवा वाहन में हड्डी रोग विशेषज्ञ पद्मश्री डॉ0 आरएन सिंह के पास सोमवार को ले गए। जिसके बाद डॉ0 सिंह ने दिव्यांग का समुचित जांच करते हुए कृत्रिम पैर लगाया और ये सारा कार्य निःशुल्क हुआ।जिसके बाद दिव्यांग ने सारण सांसद राजीव प्रताप रूडी के साथ प्रतिनिधि राजीव मुनमुन, दक्षिण मंडल अध्यक्ष दीपक शर्मा, सरपंच दिलीप शर्मा, नीतू चंदन, जयंत सिंह, शैलेश शर्मा, पिंकू सिंह सहित सभी को धन्यवाद दिया।

## पिकअप चालक से युवकों ने मारपीट कर मोबाइल और रूपये छीने

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के चालीस आरडी बाजार पर पिक अप चालक को घेरकर बाइक सवार युवकों ने विवाद खड़ा कर मारपीट कर घायल कर दिया और चालक का मोबाइल और नगदी छीन लिया । मौके पर थाना पुलिस जांच में जुटी है। पीड़ित पानापुर थाना क्षेत्र के सेमरी गांव निवासी इंद्रजीत प्रसाद कुशवाहा का 35 वर्ष पुत्र मुन्ना कुमार कुशवाहा हैं। इलाज सीएचसी मशरक में हुआ। घायल ने बताया कि पिक अप लेकर आ रहा था कि चालीस आरडी बाजार पर बाइक सवार युवकों ने बाइक पिक अप में सटा दिया और गाली गलौज करने लगें और घेरकर मारपीट कर घायल कर दिया और उसका मोबाइल और रूपये छीन लिया। पुलिस जांच में जुटी है।

## बीमारी से निधन हुए आशा कार्यकर्ता के आश्रित को सीएचसी प्रभारी दिया चेक

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के कर्ण कुदरिया पंचायत के सिउरी गांव निवासी आशा कार्यकर्ता की ड्यूटी के दौरान निधनं हो जानें पर आश्रित को अनुग्रह अनुदान राशि का वितरण किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक के प्रभारी कक्ष में प्रभारी डॉ संजय कुमार ने आश्रित को मुवाअजा का चार लाख रूपए का चेक सौंपा। मौके पर स्वास्थ्य प्रबंधक अमित कुमार , डॉ एस के विधार्थी समेत अन्य मौजूद रहें। प्रभारी डॉ संजय कुमार ने बताया कि आशा कार्यकर्ता सिउरी गांव निवासी आशा कार्यकर्ता निधू माला का निधनं हो गया था मृतक आशा के परिजन पति ब्रजेश कुमार को चार लाख का चेक दिया गया।

## बहुआरा और चालीस आरडी पर सड़क दुघर्टना में आधा दर्जन घायल

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के बहुआरा और चालीस आरडी में सड़क दुघर्टना आधा दर्जन लोग घायल हो गए। बहुआरा चवर में मशरक सहाजितपुर मुख्य सड़क पर बाइक पर नीलगाय कूद पड़ी जिसमें बाइक सवार पति-पत्नी घायल हालत में इलाज के लिए सीएचसी मशरक में भर्ती कराए गए। घायल नवादा गांव निवासी ओम प्रकाश साह और संध्या देवी हैं। बाइक पर सवार होकर सहाजितपुर जा रहें थे कि बहुआरा चंवर में नीलगाय कूद पड़ी जिसमें दोनों घायल हो गए। मशरक के चालीस आरडी नहर पर अनियंत्रित चार चक्का वाहन की टक्कर से बाइक सवार दादा पोता घायल हो गए। घायल सिवान जिला के बसंतपुर थाना क्षेत्र के राजापुर गांव निवासी मोहन सहनी का 35 वर्षीय पुत्र धर्मेंद्र सहनी और स्व तपेश्वर सहनी का 70 वर्षीय पुत्र जगन सहनी के रूप में हुई। घटना के बारे बताया गया कि बाबा पोता बाइक से गांव से गोपालगंज जिले के बैकुंठपुर गांव फैजुलाहपुर गांव में बेटी के यहा जा रहें थें कि अनियंत्रित चार चक्का कार ने टक्कर मार दी। घायलों का इलाज सीएचसी मशरक में हुआ।

## UPSC परीक्षा में EPFO के लिए चयन होने पर लोगों ने दी बधाई



**दैनिक खोज खबर/दरियापुर।** प्रखंड के दरिहारा निवासी शिक्षक सियाशरण राय के पुत्र गौतम कुमार का ठप्ैब्ए परीक्षा में क्थ्व् के पद पर चयन होने पर उनका स्वागत उनके आवास पर मे किया। जिसमे प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि राकेश सिंह ने बाबा हरिहरनाथ का प्रतीक चिन्ह देकर और बाबा हरिहरनाथ का प्रसाद खिलाकर मुंह मीठा कराया। साथ ही उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें दी।इस अवसर पर विधायक छोटेलाल राय, डॉ कविन्द्र राय, मुखिया अनिल पांडेय, डॉ ललित कुमार, भाजपा नेता सह पैक्स अध्यक्ष राजू सिंह, भाजपा नेता धर्मनाथ राय, कन्हैया सिंह सहित अनेक लोग उपस्थित रहें।वहीं सांसद राजीव प्रताप रूडी ने भी दूरभाष पर बात कर उनको बधाई और शुभकामनायें दी।

## यूपीएससी में चयन होने पर गांव में हुआ अभिनंदन



**दैनिक खोज खबर/दरियापुर(सारण)।** प्रखंड क्षेत्र के दरिहारा चतुर्भुज गांव के एक होनहार युवक ने संघ लोक सेवा आयोग के परीक्षा में 193 रैंक से सफल होकर गांव से लेकर जिले का नाम रौशन किया।कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के ग्रुप बी के अधिकारी के पद पर चयनित हुए है ।वही शिक्षक पिता के होनहार पुत्र गौतम ने पहली ही प्रयास में यह सफलता पाई है ।वहीं गौतम ने बताया कि माता आंगनबाड़ी में सहायिका है तथा पिता सियाशरण राय शिक्षक है ।उन्होंने प्राथमिक शिक्षा गांव में पूरा करने के बाद वर्ग छह से इंटर तक कानपुर, उत्तरप्रदेश से किया और बी टेक राउरकिला उड़ीसा से करने के बाद महिन्द्रा एंड महिंद्रा कंपनी में कार्य किया। पुनः यूपीएससी की तैयारी करने दिल्ली चले गए। इस क्रम में वर्ष 2023 में प्रारंभिक परीक्षा दिया उसमें सफल होने बाद साक्षात्कार नवंबर 2024 में बुलाया गया। वही इस प्रतियोगी परीक्षा में सफल होने का 2 जनवरी 2025 को पत्र आया जिसमें मेरी रैंक 193 है। अधिकारी तो बन गए लेकिन यूपीएससी की तैयारी में अब भी लगे हुए है, क्योंकि इनको आईएएस बनने की सपना पूरा हो सके। इन्होंने बताया कि माता पिता का भरपूर सहयोग तथा गुरुजनों के आशीर्वाद और अपनी कड़ी मेहनत से सफलता पाई है। वहीं इस मौके पर मुख्य अतिथि व स्थानीय विधायक छोटे लाल राय ने कहा कि परिश्रम करने वाले छात्र कभी असफल नहीं होते है। इस अवसर पर एम एल सी गुलाम गौस ,अलबेला राय, धरम नाथ,उपमुखिया विनोद राय,अखिलेश राय,राम अयोध्या राय कमलेश राय सहित अन्य अपने विचार रखे इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो शिव कुमार राय संचालन कपिन्द्र राय ने किया।

## शिक्षक के असामयिक निधन से शोक की लहर

**दैनिक खोज खबर/पानापुर( सारण)।** प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय पानापुर में पदस्थापित शिक्षक व प्रखंड के फकुली गांव निवासी नरेश प्रसाद का लंबी बिमारी के बाद रविवार की देर शाम असमायिक निधन हो गया। वे करीब पचास साल के थे। उनके निधन से प्रखंड के शिक्षको में शोक की लहर दौड़ पड़ी। सोमवार को विद्यालय खुलने के बाद विभिन्न विद्यालयों में शोक सभा आयोजित दिवंगत आत्मा के शांति प्रार्थना किया गया। नरेश प्रसाद एक कुशल व कर्मनिष्ठ शिक्षक थे। उनके निधन पर शिक्षक नेता समरेंद्र बहादुर सिंह, जितेंद्र सिंह, निरंजन सिंह उर्फ भुट्टु , नीरज सिंह, नवलकिशोर राय, विकास सिंह, संतोष कुमार, सुभाष प्रसाद, विनोद कुमार यादव, रमेश सिंह, शिवकुमार राम, महम्मद करीम, सुरेश यादव, रमेश राय,आलोक कुमार,दुधनाथ ठाकुर,अजय कुमार सहित दर्जनो शिक्षकों ने शोक ब्यक्त करते हुए कहा कि नरेंश प्रसाद का असमायिक निधन पानापुर के शिक्षक समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। दिवंगत शिक्षक का सोमवार की सुबह सारंगपुर डाकबंगला घाट पर दाह संस्कार किया गया जिसमें भारी संख्या में शिक्षको व गणमान्य लोगों ने भाग लिया।

## मकर संक्रांति पर नाव संचालन और चाइनीज मांझे पर रहेगा प्रतिबंध : एसडीओ सोनपुर

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** मकर संक्रांति के अवसर पर सोनपुर अनुमंडल प्रशासन ने सुरक्षा के मद्देनजर महत्वपूर्ण दिशानिर्देश जारी किए हैं। अनुमंडल दंडाधिकारी आशीष कुमार ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत नदियों में नाव संचालन और चाइनीज मांझे के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया है। आदेश के तहत यह कदम आम जनता की सुरक्षा और पूर्व की घटनाओं को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है।प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि 14 और 15 जनवरी 2025 को सोनपुर अनुमंडल क्षेत्र की नदियों, विशेष रूप से गंगा, गंडक और मही, में किसी भी प्रकार की नाव का परिचालन पूरी तरह से बंद रहेगा। यह प्रतिबंध सबलपुर दियारा और अन्ना टापू जैसे इलाकों में भी लागू होगा। केवल प्रशासनिक कार्यों और बचाव कार्यों में लगी नावों को इस आदेश से छूट दी गई है।सबलपुर टापू और अन्य क्षेत्रों में पिकनिक मनाने, पतंगबाजी करने या किसी भी प्रकार के आयोजन पर सख्त रोक लगाई गई है। प्रशासन ने याद दिलाया कि 2017 में मकर संक्रांति पर नाव दुर्घटना के कारण कई लोगों की जान गई थी। इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए इस बार सख्त प्रावधान किए गए हैं।

## तिल का दान करने से भगवान सूर्य और शनिदेव दोनों ही होते है प्रसन्न : पवन शास्त्री

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सनातन धर्म मे मकर संक्रांति सिर्फ एक त्योहार नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, विज्ञान और समाज का अद्भुत संगम है। इस दिन हम अपनी परंपराओं को याद करते हैं, विज्ञान के चमत्कारों को समझते हैं और अपने जीवन को बेहतर बनाने का संकल्प लेते हैं। मकर संक्रांति इस बार 14 जनवरी मंगलवार को मनाई जाएगी। पौष मास में जब भगवान सूर्य उत्तरायण होते हैं और उनका मकर राशि में गोचर होता है तब मकर संक्रांति का त्योहार मनाया जाता है। मकर संक्रांति के दिन से मांगलिक कार्य प्रारंभ हो जाते हैं। मकर संक्रांति के दिन पवित्र नदी में स्नान के साथ ही दान-पुण्य का विशेष महत्व माना गया है। माना जाता है कि इस दिन यदि मनुष्य तिल का दान कर दे तो उसे बड़ा पुण्य और कोई नहीं होता। मकर संक्रांति के दिन तिल दान के साथ तिल के पानी से स्नान, तिल को छूना और खाना भी जरूरी होता है। तिल का दान करने की महत्ता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि इस पर्व को तिल संक्रांति भी कहा जाता है.मकर संक्रांति के दिन स्नान के बाद काले तिल, गुड़ और चाबल, द्रव्य व काला तिल मिलाकर दान करना चाहिए। मीठा, तिल, अरवा चाबल को मिलाकर घर केबुजुर्ग से प्राप्त कर इसको खाना चाहिए.मान्यता है कि ऐसा करने से शनि व सूर्य की कृपा होती है और भौतिक सुखों की प्राप्ति होती है। मकर संक्रांति के दिन सुबह स्नान आदि के बाद सूर्यदेव को जल अर्पित करना चाहिए। उक्त बात केजनकारी देते हुए हरिहरनाथ मंदिर केपुजारी पवन शास्त्री ने सोमवार को बताया कि मकर संक्रांति केदिन तिल का दान करने से सूर्य और शनि दोनों ही प्रसन्न होते हैं, क्योंकि तिल उनकी प्रिय वस्तु है। मकर संक्रांति के दिन तिल का दान करने से राहु और शनि दोष दूर होते। मान्यता है कि तिल की उत्पत्ति भगवान विष्णु के शरीर से हुई थी इसलिए इस दिन तिल का महत्व और भी बढ़ जाता है। सूर्य भगवान के साथ ही मकर संक्रांति पर भगवान विष्णु की पूजा भी होती है।इस दिन ब्रह्मणों,गरीबो को भोजन कराना और उन्नी बस्त्रों को दान करना चाहिए.बच्चे इस दिन पतंगवाजी भी करते है.

## पीड़िता ने एसपी से लगाई जानमाल की सुरक्षा की गुहार

**भगवानपुर हाट (सिवान)।** थाना क्षेत्र के शंकरपुर टोला निवासी पृथ्वी रावत की पत्नी उर्मिला कुंवर ने सोमवार को एसपी को आवेदन देकर सुरक्षा की गुहार लगाई है। एसपी को दिए आवेदन में बताई है कि मेरे पति पृथ्वी रावत की हत्या 26 जुलाई को चाकू से गर्दन पर प्रहार कर दी गई थी। इसमें पुलिस ने जांच पड़ताल कर दो अभियुक्त मुन्ना यादव और बंटी साह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं तीसरा अभियुक्त राजा राय फरार चल रहा है। फरार अभियुक्त राजा राय रात में अपने घर आता है और कहता है कि अभी तो एक की हत्या किए है, दो- चार की हत्या करने के बाद ही जेल जाऊंगा, जबकि उसके पिता गौतम राय गलत मुकदमे फंसाने की धमकी दे रहे हैं। फरार अभियुक्त के भय से मेरा पूरा परिवार दहशत में जीने को मजबूर हैं। अभियुक्त द्वारा किसी भी समय परिवार पर जानलेवा हमला किया सकता है। उसने फरार अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजने की गुहार लगाई है।

## दस्तावेज का नकल नहीं मिलने पर डीएम से शिकायत

**भगवानपुर हाट (सिवान)।** प्रखंड के सहसरांव निवासी सुनील कुमार ठाकुर ने डीएम को मेल से पत्र भेज निबंधन कार्यालय बसंतपुर से दस्तावेज का नकल नहीं मिलने की शिकायत की है। उन्होंने शिकायत पत्र में कहा है कि निबंधन कार्यालय बसंतपुर द्वारा जमीन से जुड़ी दस्तावेज का नकल नहीं दिया जा रहा है जबकि सभी दस्तावेज उपलब्ध है। उन्होंने कहा है कि भूमि का सर्वे अभियान चल रहा है जिसमें भूमि के दस्तावेज की आवश्यकता है। निबंधन कार्यालय बसंतपुर द्वारा तरह- तरह का बहाना बना टालमटोल किया जाता है, जबकि करीब दो साल से बसंतपुर दस्तावेज के लिए दौर रहे हैं। इस तरह से अन्य लोग भी दस्तावेज के लिए परेशान हैं। उन्होंने दस्तावेज मुहैया कराने का मांग की है।

## विवाहिता नकदी रूपये और गहने लेकर हुई लापता

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर थाना क्षेत्र केगांव केएक विवाहिता ने घर से 17 लाख रुपये की नकदी और गहने लेकर लापता होने का मामला सामने आया है। इस संबंध में पीड़ित पति ने सोनपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पति ने आरोप लगाया है कि उसकी पत्नी को बहलाने और भगाने की साजिश उसके साले और अन्य परिजनों ने रची है।

**शादी के बाद मायके पक्ष से गहरा संपर्क:** प्राथमिकी के अनुसार, पीड़ित पति की शादी वर्ष 2023 में हिंदू रीति-रिवाज से हुई थी। शादी के बाद उसकी पत्नी अपने मायके पक्ष, विशेष रूप से अपनी बहन और जीजा से लगातार संपर्क में थी। पति का कहना है कि मायके वाले उसे बार-बार अपने घर बुलाने और बहकाने की कोशिश करते थे। इसी दौरान उसकी पत्नी ने गाने और रुपए लेकर फरार हो गई है. पुलिस आवेदन के आलोक में मामले की तहकीकात में जुट गई है।

### आपसी विवाद में मारपीट में दो घायल

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के सिसई गांव में आपसी विवाद में मारपीट में दो शख्स घायल हो गए। घायलों में सिसई गांव निवासी मन्नान हुसैन की 40 वर्षीय पत्नी जरीना खातुन और नाजीर आलम की 35 वर्षीय पत्नी रूबी बीबी शामिल हैं। घटना के बारे में बताया गया कि आपसी विवाद को लेकर मारपीट हो गई जिसमें दोनों घायल हो गए।

## बाइक सवार की कार से टक्कर में एक की मौत और एक घायल

### बहन के यहा लाई चूड़ा देने जा रहे भाईयों में एक की घटनास्थल पर ही मौत

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के बंगरा काली स्थान के पास बहन के यहां लाई चूड़ा देने जा रहे बाइक सवार दो भाईयों को अनियंत्रित कार ने टक्कर मार दी जिसमें बाइक सवार एक की मौत हो गई वहीं दूसरा गंभीर हालत में इलाज के लिए सीएचसी मशरक में भर्ती कराया गया। मृतक मशरक थाना क्षेत्र के बंगरा गांव निवासी स्व मनोज राय का 18 वर्षीय पुत्र मोहित कुमार उर्फ गोलू है। घायल बंगरा गांव निवासी सुभाष कुमार का 18 वर्षीय पुत्र संजीत कुमार हैं। घायल गंभीर हालत में इलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया गया। परिजनों ने बताया कि बाइक पर सवार होकर एन एच 227 ए राम जानकी पथ होकर गोपालगंज के बगहा में बहन के यहां लाई चूड़ा देने जा रहे थे कि अनियंत्रित कार ने टक्कर मार दी। जिसमें एक की मौत हो गई वहीं एक सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया गया। मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल छपरा भेज दिया। मृतक भाई में एकलौता और दो बहन हैं। मृतक की मां गीता देवी समेत परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। आक्रोशित ग्रामीणों के द्वारा घंटों सड़क जाम कर स्पीड ब्रेकर की मांग की जा रही है। मौके पर बीडीओ पंकज कुमार, थानाध्यक्ष अजय कुमार और बंगरा मुखिया प्रतिनिधि पप्पू सिंह ने ग्रामीणों को समझा बुझाकर कर स्पीड ब्रेकर बनवानें की मांग को स्वीकार किया हैं। थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गश्ती दल की मदद से कार को मशरक तख्त गांव में पकड़ लिया।

## राज्य स्तरीय प्रतिभा खोज परीक्षा का सफल आयोजन की समीक्षा बैठक आयोजित



**दैनिक खोज खबर/अमनौर(सारण)।** चौथी राज्य स्तरीय प्रतिभा खोज परीक्षा का सफल आयोजन की समीक्षा बैठक उच्च माध्यमिक विद्यालय अमनौर बालक परीसर में आयोजन समिति के अध्यक्ष व पूर्व प्राचार्य अम्बिका राय की अध्यक्षता में की गयी. बैठक में पिछले महीने हुए चौथी राज्य स्तरीय प्रतिभा खोज परीक्षा की समीक्षा की गई वहीं पांचवीं राज्य स्तरीय प्रतिभा खोज परीक्षा की तैयारी पर चर्चा किया गया.जिसमें विगत की अपेक्षा आगमी सत्र में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतिभा खोज परीक्षा को और बेहतर बनाने का संकल्प लिया गया.पूर्व प्राचार्य अम्बिका राय ने आगामी सत्र में बिहार के विभिन्न जिलों में होने की बात कही जबकि सचिव चंदन कुमार ने कहा कि परीक्षा में प्रयास किया जा रहा कि ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों में अधिकांश बच्चें भाग ले इसके लिए हर प्रयास किया जा रहा हैं.बैठक में मुख्य रूप से संरक्षक वीर विजय सिंह, संरक्षक नवीन पुरी, संरक्षक पप्पू सिंह, समन्वयक नीरज शर्मा,आयोजक मंडल निखिल सिंह सहित अन्य शिक्षाविदों ने अपना अपना इस आयोजन को लेकर वक्तव्य रखा।

# लैपटाप में रहेंगे केस डायरी व गवाहों के बयान, डिजिटल साक्ष्य बनाएंगे

**परवेज अख्तर/सीवान।** जिले में तैनात इंस्पेक्टर, दारोगा व जमादार कांड के अनुसंधान के लिए लैपटाप व स्मार्टफोन मोबाइल फोन खरीदेंगे। इसके लिए पुलिस मुख्यालय उन्हें राशि भी प्रदान करेगा। हालांकि विभाग के द्वारा तय कैटेगरी के अनुसार ही लैपटाप और मोबाइल की खरीद करनी होगी। पुलिस मुख्यालय के द्वारा जिले के सभी थानों में तैनात अनुसंधान विंग के पुलिस पदाधिकारियों को मोबाइल व लैपटाप की खरीदारी करने की अनुमति के साथ निर्देश दे दिया गया है। हालांकि जिले में तैनात 55 से कम आयु वाले इंस्पेक्टर, दारोगा व जमादार को ही लैपटाप व मोबाइल अनुसंधान के लिए मिलेगा। नए कानूनों के तहत पुलिस पदाधिकारी लैपटाप के माध्यम से अपना केस, डायरी, गवाहों का बयान आदि लिखना है। पुलिस को मोबाइल से घटनास्थल पर डिजिटल साक्ष्य इकट्ठा करना व गवाहों का वीडियो फामेंट में बयान दर्ज कराना होता है।

**20 हजार मोबाइल व 60 हजार लैपटाप की राशि तय:** बता दें कि मोबाइल व लैपटाप की खरीद के लिए कुछ क्राइटेरिया तय किए गए है। इसके अनुसार उन्हें मोबाइल खरीद के लिए बीस हजार रुपए व लैपटाप की खरीद के लिए अधिकतम 60 हजार रुपया की राशि तय की गई है। उन्हें पहले दोनों की खरीदारी करनी होगी और उसके बाद इसका बिल उन्हें अपने जिला के पुलिस अधीक्षक कार्यालय के वित्त शाखा में जमा कराना होगा।

**उसकी पूरी जिम्मेदारी अनुसंधानकर्ताओं की होगी:** बता दें कि लैपटाप व मोबाइल की रखरखाव की पूरी जिम्मेदारी अनुसंधानकर्ताओं के ऊपर ही होगी। अनुसंधानकर्ताओं के तबादले के बाद भी मोबाइल और लैपटाप उन्हीं के पास रहेगा।

### कहते हैं पदाधिकारी-

आपराधिक कानून में घटनास्थल का वीडियो बनाने के साथ पीड़ित या गवाहों का बयान आडियो-वीडियो में दर्ज करना अनिवार्य है। उन्हें ई-साक्ष्य एप पर केस से जुड़े साक्ष्य को अपलोड करना है। इसके लिए अनुसंधानकर्ता पुलिस पदाधिकारियों के पास स्मार्टफोन और लैपटॉप होना अति आवश्यक है। इसके लिए सभी संबंधित थानों को निर्देश दिए गए हैं।

**अजय कुमार सिंह**
**एसडीपीओ सदर**

## मकर संक्रांति को ले पदाधिकारियों ने लिया घाटों का जायजा

**सीवान।** गुठनी प्रखंड के ग्यासपुर सरयू नदी घाट और दरौलके पंचमंदिरा घाट पर मकर संक्रांति के स्नान की तैयारी पूरी कर ली गई है। मंगलवार की अल सुबह काफी संख्या में श्रद्धालु नदी में डुबकी लगा पूजा अर्चना एवं दान-पुण्य करेंगे। इस दौरान पदाधिकारियों ने इन दोनों घाटों का निरीक्षण की तैयारी का जायजा लिया तथा संबंधित कर्मियों को कई दिशा निर्देश दिए। सीओ डा.विकास कुमार ने बताया कि ग्यासपुर घाट पर पुलिस और गोताखोर की तैनाती की गई है। वहीं स्थानीय लोगों को गहरे पानी में स्नान नहीं करने की सलाह दी गई है।

## सवारी गाड़ी चालक से हथियार का भय दिखा 1.52 लाख की लूट

**परवेज अख्तर/सीवान।** एमएच नगर थाना के रजनपुरा व सेमरी गांव के बीच सोमवार को दिन दहाड़े बाइक सवार बदमाशों ने हथियार के बल पर एक सवारी गाड़ी के चालक से एक लाख 52 हजार रुपये लूट ली और मौके से फरार हो गए। पीड़ित सिसवन थाना के महानगर निवासी पप्पू कुमार यादव ने थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। आवेदन में कहा है कि सोमवार को करीब 11 बजे अपनी गाड़ी में चैनपुर से सवारी बैठाकर सिवान जा रहा था। इसी बीच एमएच नगर थाना क्षेत्र के रजनपुरा तथा सेमरी मजार के बीच एक बाइक पर सवार दो बदमाश ओवरटेक कर बीच रास्ते में गाड़ी रोक दी। इसके बाद हथियार का भय दिखा मुझे गाली गलौज करते हुए मेरे जैकेट से एक लाख 52 हजार रुपया लूट ली।

## शिक्षण व्यवस्था व नामांकन को ले बैठक

**आंदर (सिवान):** प्रखंड मुख्यालय के उच्च विद्यालय के समीप सारथी नगर में सोमवार को यूनिक इंग्लिश स्कूल सह यूनिक साइंस क्लासेज के प्राचार्य मुकेश यादव की अध्यक्षता में शिक्षण कर्मियों के साथ बैठक हुई। बैठक में शिक्षण व्यवस्था व नामांकन को विचार विमर्श किया गया। प्राचार्य ने विद्यालय में विधि-व्यवस्था को लेकर विभिन्न मुद्दों पर शिक्षकों के साथ विचार विमर्श किया। प्राचार्य ने बताया कि स्कूल प्रबंधन ने फैसला लिया है कि 31 मार्च तक बच्चों का निशुल्क नामांकन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में स्थित यह स्कूल आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है। योग्य और अनुभवी शिक्षकों की टीम एवं आधुनिक तकनीकी से पढ़ाई कराई जाती है। इसका लाभ बच्चों का मिलना चाहिए। उन्होंने अभिभावकों से अपने बच्चों का अधिक से अधिक संख्या में नामांकन कराने की अपील की। बैठक में उप प्राचार्य कुर्बान अंसारी, निशा सिंह, सपना कुमारी, काजल कुमारी, अनीता देवी, नीलम देवी, रिचा दुबे, मनीषा कुमारी, पायल कुमारी, सुषमा कुमारी, विशाल कुमार यादव, नेहा कुमारी, काशीनाथ, राम निवास, विकास कुमार आदि शिक्षक उपस्थित थे।

## पंचायत ई-ग्राम कचहरी पोर्टल को लेकर दिया जा रहा प्रशिक्षण

**सिसवन (सिवान)।** जिस प्रकार से थाना में दर्ज एफआइआर को घर बैठे अपने मोबाइल में देख सकते हैं, उसी प्रकार पंचायती राज विभाग द्वारा पंचायत के ग्राम कचहरी को अपडेट कर दिया गया है।

अब ग्राम कचहरी से जुड़े वाद यानी मुकदमे का अपडेट घर बैठे भी देख सकते हैं। प्रखंड के 13 पंचायत स्थित कचहरियों में ई-ग्राम कचहरी व्यवस्था लागू की जा रही है। वहीं इस नई व्यवस्था को लेकर प्रखंड के सभी पंचायतों के सरपंच, न्यायमित्र एवं कचहरी सचिव को प्रशिक्षण देने के लिए जिला पंचायती राज पदाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया है। दरअसल, न्यायिक सरपंच, उप क्षेत्र के अधीन विभिन्न कोर्ट को आनलाइन व्यवस्था से जोड़ दिया गया है। इसी के तर्ज पर अब ग्राम कचहरी को भी आनलाइन सिस्टम के अधीन किया जा रहा है। प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि सभी पंचायतों में ई-ग्राम कचहरी की व्यवस्था की गई है।

## पिस्टल के बट से अधेड़ को मार किया घायल, तीन नामजद

**हुसैनगंज (सिवान)।** थाना क्षेत्र के रेनुआं में रविवार को एक अधेड़ व्यक्ति को पिस्टल के बट से प्रहार कर घायल करने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में पीड़ित सचिन कुमार सिंह ने गांव के ही तीन लोगों को नामजद किया है। उसने आरोप लगाया है कि रविवार की दोपहर अपने खेत में दवा का छिड़काव कर रहा था। तभी गांव के जिशु सिंह एवं मनोज सिंह पिस्टल लेकर आए तथा मेरे सिर पर पिस्टल के बट से प्रहार कर घायल कर दिया। इसी बीच ब्रह्मा सिंह ने अपने पुत्रों से गोली मारने की बात कही। इस दौरान मैं घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा। इसके बाद उक्त लोगों ने मेरे गले से सोने की चेन छीन ली। इस दौरान जिशु सिंह मेरा गला दबाकर मारना का प्रयास किया तभी ग्रामीण पहुंच गए। ग्रामीणों द्वारा बीच बचाव करने से मेरी जान बची। थानाध्यक्ष विजय कुमार यादव ने बताया कि प्राथमिकी कर कार्रवाई की जा रही है।

## अलग-अलग सड़क हादसे में छह लोग घायल

**सिवान।** जिले में अलग अलग जगहों पर सोमवार को हुए सड़क हादसे में छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। पहली घटना दरौली थाना क्षेत्र के बौना मोड़ की है। जहां दो बाइक की आमने सामने की टक्कर में तीन युवक घायल हो गए। घायलों को स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। तीनों की स्थिति गंभीर होने के कारण डाक्टर ने सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घायलों की पहचान मैरवा थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर ढाला के समीप निवासी मोहित कुमार, राजू कुमार व सिसवन थाना क्षेत्र के गंगपुर गांव निवासी रत्नेश्वर यादव के रूप में हुई। घटना के संबंध में घायलों ने बताया कि घर से दरौली बाइक से जा रहे थे, इसी दौरान सामने से तेज रफ्तार में आ रही एक बाइक से टक्कर हो गई। उसमें वह भी घायल हो गया। दूसरी घटना सराय थाना क्षेत्र के चांप बाइपास की है। जहां एक ट्रक ने बाइक सवार को धक्का मार दिया।जिसे बाइक पर सवार तीन युवक घायल हो गए। घायलों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायलों की पहचान गोपालगंज के दिघवा दुबौली निवासी प्रमोद कुमार, अनुप कुमार व मदन साह के रूप में हुई।

## एसपी ने की पदाधिकारियों संग बैठक

**सिवान।** समाहरणालय स्थित कार्यालय में सोमवार को एसपी अमितेश कुमार ने पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में एसपी ने संबंधित पदाधिकारी को कई दिशा-निर्देश दिया। एसपी ने बताया कि कार्यालय में विभिन्न शाखाओं के पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक की गई। बैठक में मेरे द्वारा उपस्थित शाखाओं के प्रभारी को अपनी अपनी शाखा में लंबित कार्यों के त्वरित निष्पादन हेतु दिशा निर्देश दिए गए।

## बंदी की बिगड़ी तबीयत, अस्पताल में भर्ती

**सिवान।** मंडल कारा में दस दिन से बंद एक बंदी की तबीयत सोमवार को बिगड़ गई। जिसे जेल प्रशासन ने इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज हुआ। बंदी की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के ललित बस स्टैंड निवासी चंद्रेश्वर चौरसिया के पुत्र गुड्डू कुमार के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार सोमवार की सुबह गुड्डू के सांस सांस लेने में परेशानी होने लगी। इसके बाद इलाज के लिए उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के बाद उसे आराम हो गया और देर शाम जेल प्रशासन उसे जेल लेकर वापस चली गई। बता दें कि शराब पीकर हंगामा करने के दौरान पुलिस ने गिरफ्तार कर उसे जेल भेजा था। उक्त बंदी की दस दिनों में दो बार तबीयत बिगड़ चुकी है।

----

## पशु बांझपन निवारण शिविर में पशुओं की हुई जांच

**सिवान।** जिले के विभिन्न प्रखंडों में सोमवार को आत्मनिर्भर बिहार के सात निश्चय-दो के तहत शिविर लगाकर पशु बांझपन निवारण शिविर का आयोजन किया गया। इसमें पशुओं के बांझपन की जांच की गई। जानकारी के अनुसार सदर प्रखंड के धनौती पंचायत के पंचायत भवन पर आत्म निर्भर बिहार के सात निश्चय-दो के अंतर्गत पशु एवं मत्स्य विभाग की पहल पर स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि ई.विनय चौहान तथा प्रखंड प्रभारी डा.शशि शेखर के सहयोग से पशु चिकित्सा सह बांझपन निवारण शिविर का आयोजन किया गया। इसमें डा.ब्रजेश कुमार झा, डा.उत्कर्ष शर्मा तथा उनकी टीम उपस्थित रही। शिविर में सैकड़ों पशुपालकों ने चिकित्सा शिविर का लाभ लिया। वहीं दूसरी ओर गोरेयाकोठी प्रखंड के हेतिमपुर पंचायत के रामू राय टोला में सोमवार को आत्मनिर्भर बिहार के सात निश्चय-2 के तहत भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी डा.अमलेश कुमार यादव के नेतृत्व में पशु बांझपन निवारण शिविर का आयोजन किया गया। चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा पिछले कई दिनों से विभिन्न स्तरों से कराए गए प्रचार-प्रसार के कारण सुबह से ही दर्जनों पशुपालक पशुओं के साथ शिविर में पहुंच गए। शिविर में आए पशुपालकों को मवेशियों में बांझपन की समस्या की जड़ में आने वाले प्रमुख कारणों से अवगत कराया गया। पशु चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया कि दुधारू गाय अथवा भैंस निर्धारित समय पर गर्भवती नहीं होती, तो उसे बांझ की श्रेणी में रखा जाता है। ऐसे पशुपालकों को तत्काल चिकित्सक की सलाह लेनी होती है। सरकार भी इस दिशा में कई कार्य कर रही है। अवसर पर बसंतपुर के भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉप्रियरंजन, ब्रजेश कुमार ओझा, अनिल कुमार, कामेश्वर कुमार, अमीर आलम आदि लोग उपस्थित थे।

## शार्ट सर्किट से हुई अगलगी में तीन घर जले, तीन लाख की संपत्ति जलकर राख

**गोरेयाकोठी (सिवान)।** प्रखंड के सिसई उसरायन टोला में सोमवार को बिजली की शार्ट सर्किट से आग लगने से तीन घर में रखी करीब तीन लाख की संपत्ति जलकर राख हो गई। घटना की सूचना पर पांच अग्निशमन विभाग की गाड़ी पहुंच ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाई।बताया जाता है कि सिसई उसरायन टोला निवासी बब्बन सिंह के घर बिजली के शार्ट सर्किट से आग लग गई। अभी लोग कुछ समझ पाते आग विकराल रूप धारण कर लिया तथा देखते ही देखते आग की लपट ने बगल के अनारस सिंह, हरेराम सिंह के घरों को भी अपनी चपेट में ले लिया। इस मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता गुड्डू यादव, दीपक यादव, छोटू यादव, राजन यादव सहित कई लोग मौके पर पहुंच उपलब्ध साधनों से आग पर काबू पाने के प्रयास में जुट गए। गुड्डू यादव ने महाराजगंज फायर स्टेशन व अन्य जगहों पर सहायता के लिए सूचना दी। करीब एक घंटे बाद फायर ब्रिगेड के दो बड़े वाहन व तीन छोटे वाहन घटनास्थल पर पहुंच काफी मेहनत के बाद आग पर काबू पाने में सफल हुए। पीड़ितों के अनुसार घटना में घरों में रखे अनाज, पंपसेट, साइकिल, बक्सा समेत करीब तीन लाख की संपत्ति जलकर राख हो गई।

## चयनित जीविका दीदियों को बीडीओ ने दिया प्रमाण पत्र

**दारौंदा (सिवान)।** प्रखंड कार्यालय परिसर में सोमवार को बीडीओ सूर्य प्रताप सिंह सेंगर, बीपीएम अमित प्रीतम, कृषि पदाधिकारी विक्रमा मांझी ने संयुक्त रूप से जीविका नारी एकता जीविका महिला विकास स्वावबलंबी सहकारी समिति के सदस्यों के बीच प्रमाण पत्र वितरण किया। इस संबंध में बीपीएम ने बताया कि निदेशक मंडल का चुनाव परिणाम घोषणा के प्रमाण पत्र वितरण का कार्यक्रम हुआ। उन्होंने बताया कि प्रमाण पत्र पाने वालों में मीरा देवी, रेखा देवी, हुस्ना खातून, प्रियंका देवी, कुसुम देवी, रानी देवी, इंदु देवी, सरोज देवी, शोभा देवी आदि शामिल हैं। चयनित जीविका दीदी प्रमाण पत्र लेकर काफी खुशी नजर आई। उन्होंने बताया कि बिहार स्वावलंबी सहकारी समिति अधिनियम 1996 के तहत ही निदेशक मंडल का चुनाव कराया गया था। इस निर्देशक मंडल का मुख्य उद्देश्य सभी जीविका दीदियों को सरकारी या गैर सरकारी योजनाओं से लाभ पहुंचाना है ताकि जीविका दीदी के हित में कार्य हो। बीपीएम ने बताया गया कि 24 दिसंबर 2024 को प्रखंड कार्यालय दारौंदा के निर्वाचन विभाग में बीडीओ सूर्य प्रताप सिंह सेंगर, बीसीओ लोकेश कुमार के समक्ष नारी एकता जीविका महिला विकास स्वाबलंबी सहकारी समिति लिमिटेड सिरसांव का निदेशक मंडल गठन हेतु 12 जीविका दीदी द्वारा नामांकन किया गया था।

## जेडीयू के वार्ड अध्यक्ष संग मारपीट, घायल

**सिवान।** हुसैनगंज थाना क्षेत्र के रेनुआ में सोमवार की सुबह जेडीयू के वार्ड अध्यक्ष जिशु सिंह को उनके गांव के ही कुछ लोगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। स्थानीय लोगों की मदद से उनको इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया । इस घटना के संबंध में वार्ड अध्यक्ष जीसू सिंह ने बताया कि सुबह मैं अपने घर से निकाला और रेनुआ दाहा नदी पुल के समीप जैसे ही पहुंचा तो गांव के ही कुछ लोगों द्वारा मुझसे गाली-गलौज करते हुए मारपीट की गई, इसका विरोध करने पर उन लोगों द्वारा मुझे लाठी डंडे से मार कर मेरा दाहिना पैर तोड़ दिया गया। इसके बाद शोरगुल करने से आस-पड़ोस के लोग वहां मौजूद हो गए और बीच बचाव कर मेरी जान बचाई। मामले में जीसू सिंह ने चार लोगों को नामजद व दो अज्ञात पर प्राथमिकी कराई है। वहीं नगर थानाध्यक्ष राजू कुमार ने बताया कि घायल का फर्द बयान हुआ है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## भूमि विवाद में मारपीट, महिला घायल

**सिवान।** नगर थाना क्षेत्र के दक्षिण टोला में भूमि विवाद को लेकर देवरानी और जेठानी ने अपनी भाभी को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल महिला दक्षिण टोला निवासी मंगरु की पत्नी हीरा देवी हैं। मिली जानकारी के अनुसार हीरा देवी का पति मंगरु घर से बाहर रहता है घटना के समय वह बाहर था। इसका फायदा उठाकर उनके भाइयों की पत्नियों ने हीरा देवी पर ईंट और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। सर में गंभीर चोट आई है।

## विशेष अभियान में 108 गिरफ्तार

**सिवान।** जिले में पुलिस द्वारा विशेष अभियान चला कर एसपी ने 108 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। इनमें 91 को जेल भेज गया और 17 को पुलिस बांड पर छोड़ दिया गया। इस दौरान हत्या के प्रयास में आठ, विविध कांड में 38, शराब के कांड में 64, हत्या के कांड में दो, अनुसूचित जाति-जनजाति के कांड में एक गिरफ्तारी की गई। वहीं 570900 लीटर देसी शराब व 1170 लीटर विदेशी शराब जब्त की गई। इस दौरान 369 वारंट व 70 कुर्की का निष्पादन किया गया। जबकि दो लाख 84 हजार रुपया जुर्माना की राशि वसूल की गई। चार बाइक, एक स्कुटी, एक ट्रक, 13 बैल व चार बछड़ा को बरामद किया गया। एसपी ने बताया कि जिले के सभी थानाध्यक्ष, सर्किल इंस्पेक्टर व पुलिस टीम रात भर छापेमारी में जुटी रही। सदर एसडीपीओ और महाराजगंज एसडीपीओ भी छापेमारी में लगे रहे।

